12th Exam 2023: बिहार विद्यालय परीक्षा समिति (BSEB) ने डमी रजिस्ट्रेशन कार्ड को वेबसाइट पर अपलोड कर दिया है। छात्रों को निर्देश दिया गया है कि शिक्षण संस्थानों के प्रधान के माध्यम से अथवा स्वयं इन्हें डाउनलोड कर इनकी जांच कर लें। आश्वस्त हो लें कि डमी कार्ड में कोई त्रुटि तो नहीं है। यदि किसी छात्र या छात्रा के डमी कार्ड में किसी तरह की त्रुटि हो तो शिक्षण संस्थान के प्रधान के माध्यम से चार अगस्त 2022 तक इसमें आनलाइन सुधार करा लें। डमी कार्ड में अंकित नाम, माता-पिता के नाम में स्पेलिंग, फोटो, जन्म तिथि , जाति, धर्म, राष्ट्रीयता, लिंग, विषय आदि से संबंधित त्रुटि में सुधार कराया जा सकता है। इसमें से एक प्रति साक्ष्य के रूप में शिक्षण संस्थान के प्रधान का हस्ताक्षर, मुहर एवं तिथि प्राप्त कर अपने पास सुरक्षित रख लेंगे। दूसरी प्रति शिक्षण संस्थान के प्रधान के पास रहेगी।